**राजस्थान सरकार**
**तकनीकी शिक्षा विभाग**

एफ 20(5)तशि / 2004 पार्ट।। जयपुर दिनांक 29 जून. 2021

**प्राचार्य एवं सदस्य सचिव,**
अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी,
अजमेर / बीकानेर / भरतपुर / झालावाड़ / भीलवाड़ा।

**विषय :–** महाविद्यालय सोसायटी की बैठक दिनांक 23.06.2021 का कार्यवाही विवरण एवं कॉमन निर्णय भिजवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि आपके महाविद्यालय सोसायटी की बीओजी की बैठक माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा द्वारा दिनांक 23.06.2021 को ऑनलाईन आयोजित की गई थी जिसका कार्यवाही विवरण एवं कॉमन निर्णय सक्षम अनुमोदन उपरान्त संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न उपरोक्तानुसार

भवदीय

(डॉ मनीष गुप्ता)
संयुक्त सचिव, त.शि.

**प्रतिलिपिः–** निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त सचिव, त.शि.



Scanned with CamScanner

# अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़

(राजस्थान सरकार का स्वायत्तशाषी संस्थान)

ग्राम चन्दलोई, सुनेल रोड़, तहसील झालरापाटन, जिला झालावाड़ 326023

## कार्यवाही विवरण (Minutes of Meeting)

राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ की शाषी परिषद की 20वीं बैठक दिनांक 23 जून, 2021 को अपरान्ह् 01:30 बजे माननीय डॉ. सुभाष गर्ग, अध्यक्ष, शाषी परिषद राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में On-line Video Conferencing के माध्यम से आहूत हुई। उक्त बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे–

1. श्री एन. एल. मीणा, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. प्रो. आर. ए. गुप्ता, कुलपति, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
3. प्रो. उपेन्द्र पण्डेल, मालवीय राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, जयपुर
4. प्रो. अश्विनी चतुर्वेदी, राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान कर्नाटक, सूरथकल
5. प्रो. जे. के. शर्मा, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
6. डॉ. अचला नागर, सहायक आचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़
7. डॉ. नितिन आर्य, सहायक आचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़
8. डॉ. करतार सिंह, सदस्य सचिव, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ एवं प्राचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़

उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त निम्न विशेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहे–

1. श्री राजेश कुमार चौहान, संयुक्त शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. डॉ. मनीष गुप्ता, संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. डॉ. संदीप कुमार, निदेशक, सी.ई.जी., जयपुर
4. प्रो. यू. ए. दबाडे, स्टेट प्रोजेक्ट एडवाईजर (TEQIP-III), राजस्थान, जयपुर

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं बैठक में उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नानुसार प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिये गये–

Principal
Engineering College Jhalawar



Scanned with CamScanner

**प्रस्ताव संख्या 20.01: राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ की 18वीं शाषी परिषद् की बैठक दिनांक 04.01.2021 तथा 19वीं शाषी परिषद् की बैठक दिनांक 25.01.2021 के कार्यवाही विवरण (मिनट्स) की पुष्टि अनुमोदनार्थ।**

विवरणः शाषी परिषद् की 18वीं बैठक दिनांक 04.01.2021 तथा 19वीं बैठक दिनांक 25.01.2021 के कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः अनुमोदित ।

**प्रस्ताव संख्या 20.02: नवीन प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है–**

**प्रस्ताव संख्या 20.02.01: राज्य सरकार के बजट घोषणा 2021–22 के अनुसार अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय बारां को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के संघटक महाविद्यालय बनाने की क्रियान्वति हेतु।**

विवरणः राज्य सरकार के बजट 2021–22 की घोषणा के बिन्दु संख्या 313.00.00 की क्रियान्वति हेतु राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ के अन्तर्गत संचालित अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय बारां को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के संघटक महाविद्यालय बनाने की अनुमति तथा इनकी समस्त परिसम्पत्तियों /दायित्वों / देनदारियों / कर्मचारीयों / अनुबंधों इत्यादि को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा को हस्तान्तरित करने के आदेश जारी करने एवं राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ के मेमोरेन्डम ऑफ सोसाईटी के नियम 53 (Dissolution of the Society) के अनुसार सोसाईटी को भंग करने सम्बन्धी आदेश जारी करने हेतु राज्य सरकार को अधिकृत करने हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः अनुमोदित ।

**Principal**
**Engineering College Jhalawar**



Scanned with CamScanner

## दिनांक 23.06.2021 को अभियांत्रिकी महाविद्यालयों की हुई बी. ओ. जी. की बैठक के दौरान लिये गये कॉमन निर्णय : –

01. सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के प्राचार्य संकाय सदस्य, कर्मचारी, अनुबन्ध पर कार्यरत कार्मिकों, के पदों के सृजन, नियुक्ति आदेश, व्यक्तिगत पत्रावलियों, आय–व्यय विवरण, एसेट एवं लाइबिलिटी, अंकेक्षण रिपोर्ट इत्यादि के विवरण शीघ्र तैयार करें।

02. राज्य सरकार की ओर से इन सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के संघटक महाविद्यालय बन जाने के पश्चात् इन अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के शैक्षणिक कार्मिकों के सम्बन्धित विश्वविद्यालयों में समायोजन हेतु एक स्क्रीनिंग समिति का नियमानुसार गठन किया जायेगा।

03. इन महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के नामांकन में यदि कोई समस्या आती है तो इसके लिए कुलपति आरटीयू, कोटा की अध्यक्षता में राज्य सरकार की ओर से एक समिति का गठन किया जायेगा।

Principal
Engineering College Jhalawar



Scanned with CamScanner